डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

(प्रशासनिक भवनः कडवड़, नागौर रोड़, जोधपुर)

क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि./परीक्षा/2026/233 दिनांक : 07/3/26

संशोधित सूचना

नवम दीक्षांत समारोह में उपाधि धारक अध्येता, विद्यार्थी के उपाधि लेने के लिये ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के सम्बंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर का नवम दीक्षांत समारोह दिनांक 20 मार्च, 2026 (शुक्रवार) को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने जा रहा है। आप उक्त समारोह में पीएच.डी. आयुर्वेद, एम.डी./एम.एस. आयुर्वेद, एम.डी. होम्योपैथी, बी.ए.एम.एस., बी.एच.एम.एस, बी.यू.एम.एस., बी.एन.वाई.एस. एवं बी.एस.सी नर्सिंग आयुर्वेद पाठ्यक्रम के उपाधि धारक अध्येता, विद्यार्थी उपाधि लेने हेतु आमंत्रित है। कृपया अपनी उपस्थिति की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर **https://dsrrauexam.org** पर ऑनलाईन माध्यम से रजिस्ट्रेशन दिनांक 06 मार्च, 2026 से 13 मार्च, 2026 तक करवाना अनिवार्य है। उपाधि धारक अध्येता, विद्यार्थी को दिनांक 20 मार्च, 2026 दीक्षांत समारोह की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा शाखा द्वारा निर्धारित काउंटर से उपाधि प्रदान की जायेगी।

नोट :

1. ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नही करने वाले अध्येता, विद्यार्थी को दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान नही की जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी अध्येता, विद्यार्थी की रहेगी।
2. सफलतापूर्वक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन वाले अध्येता, विद्यार्थी को दीक्षांत समारोह में उपाधि लेने के लिये सफलतापूर्वक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की रसीद एवं मूल (Original) फोटो युक्त आईडी कार्ड अनिवार्य रूप से लाना होगा।
3. दीक्षांत समारोह से सम्बंधित अन्य नवीनतम सूचना हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट का निरन्तर अवलोकन करते रहना सुनिश्चित करें।

सूचनार्थ।

7/3/26

परीक्षा नियंत्रक